दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 158 मुरादाबाद 03 October 2022 (Monday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## गांधी जयंती 2022: पीएम मोदी ने बापू को किया याद, UN का अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर दुनिया को संदेश




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 153वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत कई राजनेताओं ने राजघाट पहुंचकर गांधी जी को याद किया। संयुक्त राष्ट्र ने भी बापू को याद कर अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर दुनिया को संदेश दिया। इस मौके पर पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लोगों से गांधीजी को श्रद्धांजलि के रूप में खादी और हस्तशिल्प उत्पादों को खरीदने का आग्रह किया। हर साल 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के रूप में मनाई जाती है, जिन्होंने अपना जीवन स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष को समर्पित कर दिया। अहिंसा के उपदेशक (अहिंसा), गांधी के जन्मदिन को अहिंसा के अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, जिसे 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित किया गया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्विटर पर लिखा, गांधी जयंती पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि। यह गांधी जयंती और भी खास है क्योंकि भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हो सकता है (हम) हमेशा बापू के आदर्शों पर खरा उतरें ... उन्होंने लोगों से गांधी को श्रद्धांजलि के रूप में खादी और हस्तशिल्प उत्पादों को खरीदने का भी आग्रह किया। मोदी को श्रद्धांजलि देने दिल्ली के राजघाट भी पहुंचे।

### राष्ट्रपति का देश के नाम संदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गांधीजी को श्रद्धांजलि दी और कहा कि यह सभी के लिए शांति, समानता और सांप्रदायिक सद्भाव के मूल्यों के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का अवसर है। उन्होंने राष्ट्र के नाम एक संदेश में कहा, महात्मा गांधी की 153वीं जयंती के अवसर पर मैं सभी देशवासियों की ओर से राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। राष्ट्रपति ने कहा, गांधी जयंती हम सभी के लिए उनके प्रेरक जीवन - शांति, समानता और सांप्रदायिक सद्भाव के मूल्यों के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का अवसर है।

### सोनिया गांधी समेत कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

कांग्रेस (अंतरिम) बॉस सोनिया गांधी और वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने राजघाट पहुंचकर गांधीजी को पुष्पांजलि अर्पित की। गांधीजी की साल 1948 में हत्या कर दी गई थी। गांधी को 30 जनवरी, 1948 को नाथूराम विनायक गोडसे ने गोली मारी थी।

### संयुक्त राष्ट्र ने भी किया याद

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने एक ट्वीट में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस की याद दिलाई और गांधी की शिक्षाओं को याद किया। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर, हम महात्मा गांधी के जन्मदिन और शांति, सम्मान और सभी के द्वारा साझा की जाने वाली आवश्यक गरिमा के मूल्यों का जश्न मनाते हैं। हम इन मूल्यों को अपनाने और संस्कृतियों में काम करके आज की चुनौतियों को हरा सकते हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष पद की रेस में शामिल मल्लिकार्जुन खड़गे बोले- नेताओं के कहने पर लड़ रहा हूं चुनाव



कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कई दिनों तक चली खींचतान के बाद अब मल्लिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर आमने-सामने हैं। खड़गे ने रविवार को कहा कि वह इस चुनाव में किसी के विरोध में नहीं, बल्कि पार्टी को मजबूत करने के लिए उतरे हैं। उन्होंने इस धारणा को भी खारिज कर दिया कि उन्हें गांधी परिवार का समर्थन हासिल है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ और युवा नेताओं के कहने पर वह चुनाव मैदान में उतरे हैं। खड़गे ने कहा कि एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत के तहत उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता के पद से नामांकन के दिन इस्तीफा दे दिया। मालूम हो कि झारखंड के पूर्व मंत्री के केएन त्रिपाठी का नामांकन शनिवार को खारिज हो गया। अब कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में शशि थरूर और मल्लिकार्जुन खड़गे मैदान में रह गए हैं।

### संघर्षों से भरा रहा मेरा बचपनः खड़गे

सीनियर कांग्रेस नेता ने कहा, मैंने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर चुनाव कैंपेन शुरू किया है। मैं हमेशा अपनी विचारधारा और नैतिकता के लिए लड़ता रहा हूं। मेरा बचपन संघर्षों से भरा रहा। मैं कई सालों तक विपक्ष का नेता, मंत्री और विधायक रहा हूं। मैं अब फिर से लड़ना चाहता हूं और उसी नैतिकता व विचारधारा को आगे ले जाने का प्रयास करूंगा।

### केवल दलित नेता के रूप नहीं लड़ रहा चुनाव

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मैं यह चुनाव कांग्रेस की विचारधारा और बाबा साहब के संवैधानिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए लड़ रहा हूं। मैं सभी पार्टी प्रतिनिधियों और विंग का समर्थन चाहता हूं। केवल एक दलित नेता के रूप में ही मैं यह चुनाव नहीं लड़ रहा हूं, बल्कि कांग्रेस नेता के रूप में मैदान में उतरा हूं। मैं पिछले 51 वर्षों से कांग्रेस का कार्यकर्ता हूं और 55 सालों से पार्टी के लिए काम कर रहा हूं।

### 17 अक्टूबर को होना हैं मतदान

वहीं, पार्टी के प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बताया, कांग्रेस अध्यक्ष पद के निष्पक्ष चुनाव के लिए दीपेंद्र हुड्डा, सैयद नासिर हुसैन और मैंने कांग्रेस के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है, अब हम मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। अगर पार्टी के इन दोनों नेताओं में से कोई भी एक अपना नामांकन वापस नहीं लेता है तो 17 अक्टूबर को मतदान होगा, जिसमें 9,000 से अधिक डेलीगेट (निर्वाचक मंडल के सदस्य) मतदान करेंगे। मतगणना 19 अक्टूबर को होगी।

## Kanpur Accident: सड़क सुरक्षा में सीएम योगी ने मांगा सबका सहयोग, कहा-जनहानि रोकने में सामूहिक प्रयास की जरूरत



कानपुर- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके जनहानि को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। इसके लिए आमजन, सरकार और मीडिया को आगे आना होगा। स्कूल कालेजों और संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। जो वाहन जिस कार्य के लिए हैं, उनका इस्तेमाल उसके लिए ही किया जाए। कानपुर के घाटमपुर में हुए हादसे में 26 महिलाओं व बच्चों तथा चकेरी में हाईवे पर हुए हादसे में पांच लोगों की मौत का जिक्र करते हुए उन्होंने दुख जताया। एलएलआर अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलकर हाल जाना और अफसरों को दिशा निर्देश भी दिए। - दुख की घड़ी में सरकार आपके साथ-उनका हेलीकाप्टर रविवार की दोपहर 12=58 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरा और वह यहां से सीधे एलएलआर अस्पताल पहुंचे। सीएम ने एलएलआर हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती घायलों से मुलाकात की।पीड़ितों से उन्होंने शोक संवेदना भी व्यक्त की। बोले, घबराएं मत। दुख की इस घड़ी में सरकार आपके साथ है। मृतकों को राहत कोष दिए दो-दो लाख रुपये- इमरजेंसी वार्ड से बाहर आने के बाद सीएम पत्रकारों से वार्ता में कहा कि अस्पताल में भर्ती साढ़ के कोरथा और चकेरी के अहिरवां में सुबह हुई दुर्घटना के घायल और उनके परिजनों से मिला हूं। दोनों घटनाओं के सभी मृतकों को राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए गए हैं। कहा, घायलों का इलाज तत्परता से किया जा रहा है। सरकार ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए समय समय पर कार्यक्रम चलाए हैं। प्राथमिकता में है सड़क सुरक्षा- उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत सभी महत्वपूर्ण लोगों की संवेदनाओं के बारे में भी बताया। पीएम रिलीफ फंड से मिली मदद की जानकारी दी। सड़क दुर्घटनाओं में कई जानें जाती हैं, इसे देखते हुए परिवहन विभाग जागरूकता लाने का कार्य करें। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ट्रैक्टर ट्राली जिस कार्य के लिए है उसमें ही प्रयोग में लाएं।

# दरोगा ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर तानी पिस्टल, थाने में हंगामा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-मडराक के घासीपुर के धर्मस्थल पर आपत्तिजनक हरकत के मामले में कार्रवाई न होने पर थाने का घेराव करने पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर दरोगा पर पिस्टल तानने का आरोप लगा है। बाद में सीओ आदि अधिकारियों ने पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन देकर विवाद शांत कराया।छह सितंबर को घासीपुर में हुए विवाद मामले में दो आरोपी जेल भेज दिए गए, जबकि प्रधान मुफीद अल्वी व मौलवी आदि पर बिना गिरफ्तारी चार्जशीट दायर कर दी गई है। प्रधान की गिरफ्तारी को लेकर बजरंग दल महानगर संयोजक भरत गोस्वामी की अगुवाई में कार्यकर्ता दोपहर में थाने पहुंचे। मडराक के घासीपुर के धर्मस्थल पर आपत्तिजनक हरकत के मामले में कार्रवाई न होने पर थाने का घेराव करने पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर दरोगा पर पिस्टल तानने का आरोप लगा है। रविवार दोपहर हुए घटनाक्रम के बाद थाने पर हंगामा हो गया। गहमागहमी के बीच पुलिसकर्मियों ने दरोगा को थाने के अंदर ले जाकर बचाया। बाद में सीओ आदि अधिकारियों ने पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन देकर विवाद शांत कराया।

# समस्त पत्रकार गण साथियों ने गांधी जी की प्रतिमा पर फूल माला अर्पण किये

सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली-2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती लाल बहादुर शास्त्री जयंती के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति एवं बरेली समस्त पत्रकार गण साथियों ने गांधी जी की प्रतिमा पर फूल माला अर्पण की और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर शपथ ली कि समस्त पत्रकार साथी महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर लाल बहादुर शास्त्री के उद्देश्यों पर चलते हुए अहिंसा का पालन सदैव करेंगे, समाज में किसी भी वर्क में कोई भी समस्या घटित होती है पत्रकारों द्वारा समाज में समस्त जानकारी प्राप्त होती है पत्रकार का पहला उद्देश्य होना चाहिए कलम की ताकत को पहचाने जिस प्रकार महात्मा गांधीजी ने अंग्रेजों के द्वारा अत्याचारों को अपने लिखे गए लेख के द्वारा समस्त देशों तक जन जन तक अपनी बात पहुंचाई लाल बहादुर शास्त्री जी का सारा जीवन भी देश के लिए समर्पित कर दिया इसी प्रकार क्रांतिकारियों द्वारा देश को आजाद कराने में बड़ा ही महत्व है आज देश को 75 साल होने के बाद देश में उन्नति और तरक्की की मिशाल हैं आज जो हम लोग गुलामी से दूर है महात्मा गांधी लाल बहादुर शास्त्री मौलाना अब्दुल आजाद कलाम जैसे देश भक्तों की कुर्बानी का नतीजा अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सत्यम शर्मा वरिष्ठ पत्रकार अनुराग सक्सेना,बीरेन्द्र सिंह धीरेन्द्र सिंह, अरुण जायसवाल, तक़ी रिजवी, पुरषोतम सैनी,सहावर सिद्दीकी, सुनील कश्यप आदि पत्रकार गण साथी उपस्थित रहे ।।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस पर कमिश्नरेट पुलिस ने किया उनको नमन



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय कमिश्नरेट वाराणसी में महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबाहदुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर प्रतिमा अनावरण करते हुये उनके आदर्शो एव विचारों पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को निर्वहन करने हेतु प्रेरित करते हुये स्वच्छता अभियान की शपथ दिलायी गयी। वही डीसीपी वरुणा आरती सिंह अपने कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण करते हुए महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया

यही नहीं वाराणसी कमिश्नरेट के सिगरा, समेत सभी थाने व ग्रामीण के समस्त थानों पर ध्वजारोहण किया गया व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ लिया गया। वही जनपद चंदौली की महिला अध्यापिका रीता पांडे में भी उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की सह संयोजक ने नवरात्री में 108 कन्याओ का किया पूजन



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शुक्रवार को कन्या पूजन का आयोजन बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ काशी क्षेत्र की सह संयोजक सुष्मिता सेठ द्वारा बड़ा गांव स्थित सुभद्रा कुमार इंटर कॉलेज मे 108 कन्याओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर सभी कन्याओं को चुनरी, हलवा, पूरी,चना, बताशा का प्रसाद खिलाकर कुमकुम अक्षत और दक्षिणा देकर किया गया। इस अवसर पर सुष्मिता सेठ ने कहा कि बेटियां देवी स्वरुप होती है, इनका पूजन नवरात्री में ही नहीं जीवन पर्यन्त करना चाहिए। बेटियों का सम्मान करने से घर में सुख समृद्धि का वास होता है और जीवन में खुशहाली आती है। कार्यक्रम में अजय शर्मा जिला संयोजक प्रबुद्ध वर्ग , नीरज कुमार सिंह, रत्ना वर्मा,आशा गुप्ता, सुधा त्रिपाठी, चंद्र शर्मा ,रेखा विश्वकर्मा, मधु श्रीवास्तव, ओमप्रकाश पटेल, डॉ अजय कुमार मिश्र भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला संयोजक वाराणसी श्री नीरज कुमार प्रधानाचार्य, मनोज कुमार मिश्र , बैजनाथ पांडे ,नीरज कुमार सिंह ,डॉ शैलेंद्र सिंह और अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण अभियान कर पर्यायवरण संरक्षण का प्रतिज्ञा किया गया



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी/चन्दौली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 72 वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सृष्टि फाउंडेशन द्वारा किया गया है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय डॉक्टर दयाशंकर मिश्र卐दयालु ( आयुष राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ) जी रहे। मंत्री जी द्वारा इस मौके पर संबोधन में कहा आज पृथ्वी का तापमान बहुत बढ़ता जा रहा है

अगर हमें पृथ्वी के बढ़तेतापमान को रोकना है तो हमें आक्सीजन को संरक्षित करने के लिए वृक्षों को अधिक से अधिक लगाने की आवश्यकता है।और इस वृक्षों से मिलने वाले आक्सीजन से हमें हमारे स्वास्थ्य पर भी इसका अच्छा प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री विशाल श्रीवास्तव ने कहा की वृक्षारोपण के साथ साथ लगाए गए पौधों का संरक्षण भी अति आवश्यक है।गिरीश श्रीवास्तव,सिद्धनाथ शर्मा, कर्ण सिंह,अक्षय यादव,जितेन्द्र श्रीवास्तव, आशुतोष वर्मा, राजूपाल,पिंकी श्रीवास्तव,सुषमा श्रीवास्तव,पूजा शर्मा,दीपमाला अग्रहरी,सुनीता श्रीवास्तव,मंजू वर्मा आदि उपस्थित थी।वही चकिया की महिला अध्यापिका रीता पाण्डेय ने भी स्कूल कैम्पस में वृक्षारोपण किया,और बच्चों को इसके महत्वता को बताया।आगे भाजपा की महिला नेत्री सुषमा गिरी ने भी अपने पंचायत क्षेत्र में वृक्षारोपण किया।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री को उनके जन्मदिवस पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 153 एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री की 117वीं जयन्ती वर्ष समारोह के अवसर पर मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने आज कमिश्नरी में आयोजित समारोह में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री को उनके जन्मदिवस पर श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन मूल्यों, विचारधारा एवं सिद्धान्तों को अपनाकर तथा उनकी शिक्षाओं का अनुसरण कर हम अपने देश के इन दोनों महापुरुषों को सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर उनके चित्र का आयुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह द्वारा अनावरण व माल्यापर्ण किया गया तथा गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन दर्शन, उनकी देश सेवा तथा




उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि गांधी जी केवल एक व्यक्तित्व ही नही अपितु एक विश्वव्यापी प्रांसगिक विचारधारा का नाम है

कमिश्नर श्री सिंह ने इस अवसर पर कमिश्नरी सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी में अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि गांधी जी के विचारों से पूरी दुनिया में शान्ति एवं सदभाव का मार्ग प्रशस्त हुआ है तथा गांधीवादी विचार धारा के मूलभूत सिद्धान्तों-सत्य और अहिंसा के माध्यम से उनके नेतृत्व में चला भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन विष्व के इतिहास में अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है।

आयुक्त ने कहा कि गांधी जी के जीवन का प्रत्येक क्षण देश सेवा और मानव सेवा में व्यतीत हुआ तथा चरखे, खादी और स्वेदशी के माध्यम से उन्होंने स्वाबलम्बन और श्रम सम्मान की गरिमा को स्थापित किया। आयुक्त ने कहा कि दोनों महान विभूतियों का जीवन अनुकरणीय है तथा सभी को इन दोनों महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी ने आदर्श सिद्धान्तों की ही स्थापना नही की बल्कि उस पर चलकर भी दिखाया। महात्मा गांधी जी ने अहिंसा को राजनैतिक हथियार के रुप में इस्तेमाल कर विश्व के सबसे बडे साम्राज्य को भारत छोडने को विवश किया। लालबहादुर शास्त्री जी ने सादा जीवन उच्च विचार के सिद्धान्त को अपनाया और 卐जय जवान जय किसान का नारा दिया। उन्होंने कहा कि गांधी जी एवं शास्त्री जी के आदर्शो पर चलकर हमसब देश को उन्नति /प्रगति की ओर ले जाये यही हमारीइन दोनों महापुरुषों के प्रति श्रृद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अपर आयुक्त वित्त श्री पवन कुमार ने कहा कि आज हम महात्मा गांधी जी की 153 वीं जयन्ती वर्ष समारोह मना रहे हैं और आज के ही दिन देश के दूसरे महानायक एवं भारत के प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिवस है। उन्होंने बताया कि जिस समय लालबहादुर शास्त्री जी देश के प्रधानमंत्री थे उस समय देश की जनसंख्या के खाने पीने के लिए अन्न का अभाव था और पडोसी देशो से भी भारत को युद्ध का खतरा था, ऐसी दशा में प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने देश को जय जवान जय किसान का नारा दिया और उसका परिणाम यह हुआ कि आज देश में अन्न की कोई कमी नही है और दूसरे देशों को भी यहां से भारी मात्रा में अनाज का निर्यात किया जाता है और हमारी सुरक्षा भी चाक चैबंध है। अपर आयुक्त ने कहा कि स्वतन्त्रता आन्दोलन को नई दिशा एवं नई गति देने में गांधी जी का उल्लेखनीय योगदान हैं, चूंकि सत्याग्रह तथा सविनय व अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गो में आजादी की शमा को प्रज्जवलित किया।कमिश्नरी में इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी शशि कुमार, कमिश्नर के पी0ए0 संजय शर्मा, कैम्प सहायक कुलदीप कुमार, आदि कमिश्नरी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा ने किया

## शरीफनगर में मां चामुंडा देवी की शोभायात्रा निकाली



मुरादाबाद -मुरादाबाद के शरीफ नगर के पास स्थित ग्राम भायपुर में रविवार को नवरात्र के उपलक्ष्य में मां चामुंडा देवी की शोभा यात्रा निकाली गई। जो मां चामुंडा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर शिव मंदिर, पूर्व एवं पश्चिम के दोनों मोहल्लों के साथ अन्य स्थानों से गुजरते हुए चामुंडा देवी मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा का शुभारंभ राहुल चौहान ने की। व्यवस्था में जसवंत सिंह, चंद्रवीर सिंह, रूप सिंह, राजेंद्र कुमार चौहान, मास्टर राहुल चौहान पूर्व प्रधान महिपाल सिंह, रविंद्र कुमार, उदल सिंह, दमन सिंह, सत्यम चौहान एवं सचिन आदि रहे।

## चित्रकूट में भगवान श्रीराम से मिले भरत, बही अश्रुधारा



मुरादाबाद -मुरादाबाद के शरीफनगर में प्राचीन शिव मंदिर शरीफ नगर में चल रही रामलीला में भरत मिलाप का मंचन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु भावुक हो गए। राजकुमार भरत माताओं सहित पैदल चलकर चित्रकूट में भगवान श्रीराम से मिलने जाते हैं। चित्रकूट में भगवान श्रीराम को देखते हुए भरत उनके चरणों में गिर जाते हैं। साथ ही उनकी आंखों से अविरल अश्रुधारा बहती है।

भगवान राम उन्हें ऊपर उठाकर अपने गले से लगा लेते हैं। दोनों भाई भाव विह्वल हो उठते हैं। अश्रु धारा रुकने का नाम नहीं लेती है। यह दृश्य देखकर उपस्थित सभी श्रद्धालु भावुक हो जाते हैं।

भरत महाराज दशरथ की मृत्यु का समाचार श्रीराम को देते हैं और इस कारण श्री राम, माता सीता और छोटा भाई लक्ष्मण बहुत दुखी होती है। भगवान राम नदी के तट पर अपने पिता महाराजा दशरथ को विधि विधान के अनुसार श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। रामलीला के दौरान मोनू चौहान, कपिल चौहान, सतीश कुमार, संतराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, स्वतंत्र पवार, सुभाष वर्मा आदि रहे।

## सुरजन नगर में गांधी एवं शास्त्री की जयंती मनाई




मुरादाबाद के सुरजननगर क्षेत्र भर के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में रविवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई।

गांव बालापुर के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर प्रधानाध्यापक वीर सिंह एवं अध्यापिका नीलू गहलोत ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान नीलू गहलोत ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत सभी बच्चों को यातायात की जानकारी दी। यहां पर प्रधान अध्यापक हरपाल सिंह, जसपाल सिंह, वीर सिंह, राजीव कुमार, अनुज कुमार, इमारत सिंह, नीलू गहलोत, बबीता आदि रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Congress's crisis

The power struggle within the Congress has not stopped for the time being. There are still different rears in Rajasthan. The tug of war will surface in some more states as well. Congress has neither faith in unity nor can it combine at any level now. Only muggles. In 2023, it will become clear in how many states the government can survive. Lok Sabha elections are to be held in 2024. However, high command does not mean 'dictatorship'. Not only does the Congress have to speak, democracy will also have to live at every level, but in the Congress, everything is being left to the interim president Sonia Gandhi. She has become the focal point and Congress leaders are dancing around her. Former MP Chief Minister Digvijay Singh has publicly said that the Congress is 'zero' without the Nehru-Gandhi family. Is this what has been called 'internal democracy'? However, Chief Minister Ashok Gehlot has even apologized to the Congress President for the Rajasthan gimmick. He is also ashamed because the tradition has been broken. The tradition has been of a one-line resolution, in which the party president is authorized to make all decisions.

The perceived discretion of the Congress President is paramount. Is democracy rooted in this tradition? Will Sonia Gandhi still decide whether Gehlot will remain the chief minister in Rajasthan or will Sachin Pilot be trusted? After meeting Sonia Gandhi, Gehlot became so humble that only the history of his 'loyalty' was narrated to the journalists. He himself also said something of apology and embarrassment. In conclusion, Gehlot made it clear that in this environment he will not contest the election of Congress President. It is possible that inside Sonia Gandhi forced him to say all this! There is a saying in Rajasthan that the kingship of Delhi was lost for a handful of millet. With Gehlot, the fate changed so much in two days that he was thrown out of the Congress President's race. The Chief Minister's throne will also remain intact, it is questionable in many ways. When the Congress's own MLAs called the high command Aankhen Kya Tarenri and central observer Ajay Maken as 'doubtful', the party high command was also shaken to the core. While Sonia Gandhi met various leaders till midnight, the disgruntled G-23 leaders like Anand Sharma, Bhupinder Singh Hooda, Manish Tewari, Prithviraj Chavan etc. Anand also met Gehlot at 'Jodhpur House'. Two names are almost certain as the new Congress President - Digvijay Singh and Shashi Tharoor. There is also a question about how much both the leaders will be able to transform the Congress as Congress President. We reject the leadership of both the leaders in the process of revival. Mallikarjun Kharge's name has also cropped up among the senior most leaders of the Congress. lot has many questions and doubts in front of him. We believe that now Gehlot should also not be kept on the post of Chief Minister. The most serious problem before the Congress is that of fragmentation and factionalism. When the party is in power, everything remains suppressed, but differences and power struggles start to surface in the opposition. The country is united, despite its diversities is united, leaving its concern, the Congress needs to keep its home united. If Congress has to emerge strong before the upcoming Lok Sabha elections, then it should settle all its organizational matters on time. It has to choose a president who is capable of taking along all sections of the Congress.

# Archana Gautam came in front of Salman with Silbatta, said - don't marry like you

Archana Gautam has come in Salman Khan's show Bigg Boss 16. Archana Gautam has been an actress, bikini girl. Apart from this, she has also contested the election of MLA. Before appearing on the show, Archana's video is shown in which she says that she will take Silbatta with her to the show as she loves chutney and she will make chutney in Bigg Boss house. After this, when Archana goes to the show, Salman Khan welcomes her. On seeing Salman Khan, Archana gets very excited and nervous. She says my dal is dhadak. Somebody will give me water please. After this, Salman asks Archana that as she is going to Bigg Boss house then what is she going to prepare. What if someone fights with them there? On this Archana says that I am not afraid of anyone. But yes I am afraid of attachments. Told Salman his pain - then Salman asks whether you have had any bad experience? On this, Archana says that I had only one boyfriend in my life whom I loved very much. But he told me that he doesn't love me, he only loves my money. So since then I decided that I am not going to have any boyfriend anymore. I am going to get married directly. Want to marry a leader - Salman asked, who do you want to marry, Archana said, 'I want to marry a leader. I am also the leader, that too the leader, then the fight will be less. Now because I am a politician and marry a businessman, he will doubt that where is he going, which rally is it? So if you are a man of your field, then there will be no problem. Salman says so come on, maybe if you find someone in Bigg Boss house then Archana says why are you trapping. I'm fine like that single. Salman again says why not to get married? So Archana says why have you not married till now. I also want to be tension free like you. Like there are no lofts in your life, you enjoy yourself alone. Well, I want to be like you too. My bad luck- After this Archana says that Bigg Boss had to play the game this year when I came. I have bad luck. Demonetisation happened when I started earning money. When it came to politics, there was a lockdown. Now if you come here, Bigg Boss will play the game himself.



# You have no right to look so beautiful

Mumbai Bollywood actress Janhvi Kapoor has recreated Kareena Kapoor's dialogue from the superhit film Kabhi Khushi Kabhie Gham. Jhanvi Kapoor often shares videos on social media. A video of Jhanvi Kapoor is going viral on social media, in which she is seen imitating Kareena Kapoor. In the video, the dialogues of Jahnavi Kareena's film Kabhi Khushi Kabhie Gham do not make you any right that you look so beautiful, speak and are seen taking off your glasses in the same way. Jhanvi is looking very beautiful in this video and at the same time she has recreated this dialogue very well. Seeing the acting of Jhanvi Kapoor, people are fiercely liking and commenting on this video.



# घर-घर जाकर आशाएं पूछेंगी सेहत का हाल, संक्रमित मरीजों के घर पर चिपकाए जाएंगे स्टीकर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुरुआती दिवस पर आयोजित रैली को सदर विधायक विपिन वर्मा उर्फ डेविड व मुख्य विकास अधिकारी डॉ अवधेश कुमार बाजपेई ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट से जिला अस्पताल तक निकाली गई। रैली में स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ के साथ आशा व स्कूल के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अगर हम अपने घर के आस पास सफाई रखेंगे तो संचारी रोगों को पनपने का मौका ही नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान वेक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान बुखार, टीबी, कोविड आदि लक्षणों वाले व्यक्ति के बारे में घर-घर जाकर पूछताछ की जाएगी। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी डॉ. सतीश नागर ने बताया कि एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत सात अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाकर आशा घर-घर जाकर डेंगू, मलेरिया एवं कोरोना से बचाव के लिए जागरूक करेंगी। साथ ही मच्छरों से बचाव करने के लिए आशाएं घरों के अंदर जाकर मच्छरों के प्रजनन अनुकूल स्थितियों की जांच करेंगी। उन्होंने कहा कि लोगों को मच्छरों के प्रजनन पर रोक और मच्छरों के काटने से बचाव के उपायों के विषय में जानकारी देंगी। उन्होंने बताया कि आशाएं व आंगनवाड़ी घर-घर जाकर बुखार से ग्रसित लोगों की सूची, टीबी संबंधित रोग व कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करेंगी। घर-घर जाकर कोविड से बचाव के बारे में भी जागरूक करेंगी। कि लोगों को बार-बार हाथ धोना, मास्क लगाना और घर के आसपास साफ-सफाई, पानी इकट्ठा न होने देने के लिए प्रेरित करेंगी।

### संक्रमित मरीजों के घर चिपकाए जाएंगे स्टीकर

नोडल अधिकारी ने बताया कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर जुखाम, बुखार से पीड़ित लोगों के घरों पर स्टीकर चिपकाकर चिह्नित करेंगी। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को देंगी। उसके बाद अधिकारी, डॉक्टर द्वारा उपचार की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक विपिन वर्मा उर्फ डेविड, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अवधेश वाजपेई सीएमओ डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी, नोडल अधिकारी डॉ सतीश नागर,, डीसीपीएम डॉ जुबेर खान, डीएमसी आलोक वर्मा, स्काउट मास्टर, विद्यार्थीगण, आशा कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा किया गया पौधारोपण व फलाहार वितरण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अन्तराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर समाज कल्याण विभाग द्वारा वित्त पोषित शिवालय हाऊस स्थिति वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धजनों को विधायकगंण वीरेन्द्र लोधी व विपिन वर्मा डेविड के कर कमलों से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी , अपर जिलाधिकारी प्रशासन आलोक कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक धनजंय सिहं कुशवाहा की भव्य मौजूदगी में चश्मा , छडी , वस्त्र एवं फलों का वितरण कर उनकी कुशल क्षेम जाना ! जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिऐ पौधारोपण भी किया ! इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी वेद प्रिय आर्य , ब्लॉक प्रमुख शीतलपुर पुष्पेन्द्र लोधी , डिप्टी सीएमओ डा. अभिनव दुबे , डा. सौरभ राजपूत व भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र भदौरिया , अनिल यादव मौजूद रहे !

# परिषदीय विद्यालयों में मनमानी, जानलेवा बना दिया पीने का पानी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- परिषदीय विद्यालयों में शासन की ओर से तय किए गए मिशन कायाकल्प के पैरामीटरों को पूरा करने की होड़ में हैंडपंपों को खतरनाक बना दिया गया है। कई जगह इनमें सबमर्सिबल पंप लगा दिया गया है। जिम्मेदारों की मनमानी के चलते पीने का पानी बच्चों के लिए जानलेवा बन सकता है। अवागढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चिरावली में बच्चों के साथ बड़ा होने से टल गया, लेकिन यह लापरवाही कहीं भी भारी पड़ सकती है। परिषदीय विद्यालयों में 19 पैरामीटर को पूरा करना है। इसमें शौचालय में पानी की व्यवस्था भी शामिल है। यह तभी संभव है जब सबमर्सिबल पंप लगा हो, लेकिन इसके लिए अलग बोरिंग नहीं कराई गई। शिक्षा विभाग और प्रधानों की सांठगांठ के चलते पहले से मौजूद हैंडपंपों में ही सबमर्सिबल पंपों को लगा दिया गया है। इन्हीं हैंडपंपों को चलाकर बच्चे पानी पीते हैं। इनमें करंट आने की आशंका बनी रहती है। बृहस्पतिवार को अमर उजाला टीम ने पड़ताल की तो जिले के कई विद्यालयों में हैंडपंपों में ही सबमर्सिबल पंप पड़ी मिलीं। प्राथमिक विद्यालय सहसपुर में हैंडपंप लगा हुआ है, इसी में सबमर्सिबल पंप लगा दिया गया है। बच्चे इसी हैंडपंप से पानी पीते हैं। इसमें कब करंट आ जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। बच्चों को खतरे का अंदाजा तक नहीं है और वह हैंडपंप पर सामान्य रूप से ही पानी भरते हैं और आसपास खेलते भी हैं। ब्लॉक शीतलपुर क्षेत्र के गांव कुनैठा स्थित प्राथमिक विद्यालय में पहले से हैंडपंप लगा हुआ था। यहां पर भी कायाकल्प के पैरामीटर पूरे करने के लिए हैंडपंप में ही सबमर्सिबल पंप लगा दी गई है। इससे ही बच्चे पानी पीते हैं। अगर किसी तरह से करंट दौड़ जाए तो बच्चों की जान खतरे में आ सकती है। ऑपरेशन कायाकल्प में एक पैरामीटर में सबमर्सिबल पंप भी शामिल है। ग्राम पंचायतों के सहयोग से इसे पूरा किया गया है। हैंडपंपों में सबमर्सिबल डालना उचित नहीं है, लेकिन ग्राम पंचायतों की ओर से ऐसा किया गया है। इसकी वजह से परेशानियां सामने आ रही हैं। - संजय सिंह, बीएसए

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# नयावाँस में एक विशाल दंगल का आयोजन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मारहरा क्षेत्र के गाँव नयावाँस में एक विशाल दंगल का आयोजन किया गया दंगल का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अनिल प्रधान ने पहलवानों के हाथ मिलवा कर किया। दंगल में आगरा, फिरोजाबाद, हाथरस, मथुरा और पड़ोसी जनपदों सहित दिल्ली-हरियाणा से भी पहलवान पधारे। निर्णायक टीम में कैप्टन नरेंद्र सिंह पहलवान, कैप्टन उजागर सिंह पहलवान, और राजवीर सिंह पहलवान थे। दंगल में आए हुए सभी अतिथियों का वेद यादव प्रधान द्वारा पगड़ी और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओमवीर सिंह, अखिल संघर्षी राष्ट्रीय अध्यक्ष, हरेंद्र राजपूत, पदम सिंह फौजी, नेत्रपाल सिंह, अतेंद्र यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## धनी पुर में सरकारी नाली पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा-राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि धनीपुर में पुरानी नाली पर दबंगों का कब्जा है जो के नक्शा में दर्ज है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि पूरे गांव का पानी पहले उसी नाली में होकर जाता था लेकिन दबंगों ने उस पर कब्जा कर लिया पानी निकासी की अब कोई रास्ता नहीं छोड़ी है उन्होंने कहा है कि बहुत प्राचीन रास्ता जिस पर पूर्व प्रधान समेत कई माफियाओं का कब्जा है इससे गांव की पानी की निकासी का मामला काफी गहरा गया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों को लेटर जारी किए थे लेकिन अभी तक इस नानी से कब्जा नहीं हटाया गया है गांव की जनता पानी निकासी को लेकर काफी चिंतित है बरसात के दिनों में रास्तों पर पानी भर जाता है चौबीसों घंटे की चढ़ रहती है बुजुर्गों के जमाने की नाली है जो नक्शा में दर्ज है जो ग्राम पंचायत में दर्ज है इस नाली से दबंगों का कब्जा हटाया जाए और नाली को सुचारू रूप से गांव से लेकर बंबा बनवाया जाए नाली निकलते ही पानी का संकट दूर हो जाएगा नगर निगम की लापरवाही के कारण दबंगों का कब्जा बरकरार है उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

## महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर क्षेत्राधिकारी,बरलाअमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ के क्षेत्राधिकारी बरला ने पनैठी कार्यालय पर आज महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर थाना कोतवाल रामबकील सिंह व चौकी इंचार्ज सुभाष मलिक द्वारा अमर शहीद दिवस स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इसी दौरान सीओ अभय कुमार पांडे ने गांधीजी व शास्त्री जी के पद चिन्हों पर चलने का भी संकल्प लिया है। जानकारी देते हुए सीओ ने बताया की देश की आजादी के समय अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी का अहम योगदान रहेगा जो दुनिया कभी भूल नहीं सकती। उन्होंने कहा कि आज दोनों महापुरुषों की जयंती के अवसर पर अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया है।

## भूमाफियाओं की शह पर पुलिस ने तुड़वा दिए गरीबों के घर

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम हिटौटा में एक प्लाटिंग करने वाले की शह पर पुलिस प्रशासन ने दर्जनों की संख्या में मासूम बच्चों व महिलाओं सहित दर्जनों ग्रामीणों को घर से वेघर कर दिया, विना पूर्व सूचना के ही उनके घर तुड़वा दिए गये गांव के रहने वाले स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि प्लाटिंग करने वाले भूमाफिया की सह पर पुलिस ने जबरन मकान तुड़वा दिए हैं, जबकि ग्रामीण करीब बीस सालों से उसी जमीन पर घर बना कर रह रहे हैं, हालांकि जमीन सरकारी है आरोप है कि सरकारी जमीन को उनसे लेकर प्रशासन भूमाफिया को देना चाहता है, ताकि भूमाफिया उस जमीन को टुकड़ों में बेच सके, पड़ोस में की जा रही प्लाटिंग में भी कुछ हिस्सा सरकारी जमीन का ही है, और कुछ सरकारी जमीन पर सरकारी आवास भी मुहैया कराए जा चुके हैं, मकान टूटने से ग्रामीण सड़को पर आ गए हैं, लोगों का यह भी कहना है कि नमाज का समय था, घर के लोग नमाज पढने के लिए गये हुए थे उसी समय भूमाफिया पुलिस प्रशासन व लेखपाल के साथ जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचा और बिना कुछ बताए ही जेसीबी से मकान तुड़वाने लगा, जिस पर घर में मौजूद महिलाओं ने विरोध किया तो मोबाइल आदि पुलिस ने छीन लिए और घर के अंदर रखा सामान भी बिखेर दिया, महिलाएं घर को न तोड़ने की भीख मांगती रही, मगर पुलिस ने एक भी नहीं सुनी टूटते घर को देखकर एक महिला बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ी और काफी देर तक जमीन पर पड़ी रही काफी देर बाद होश आया लेकिन घर उजड़ने से नहीं बच सका, ग्राम हिटौटा के अकील ने बताया कि प्लाटिंग करने वाले ने पीछे वाला खेत खरीदा है जगह खाली कराने के लिए प्लाटिंग करने वाले कई दिनों तक लहरा देते रहे कि हम तुम्हें कहीं शिफ्ट करवा देंगे और आज अचानक जेसीबी लेकर हमारा मकान गिरा दिया





अब हम कहाँ जाएं गरीब की कोई नहीं सुनता, इसी तरह ग्राम हिटौटा के इरशाद रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि अचानक जेसीबी मशीन आ गई और पुलिस प्रशासन ने हमारे मोबाइल छीन लिए नोटिस तक नहीं दिखाया भूमाफिया द्वारा प्लाटिंग कराई जा रही है, हम चिल्लाते रहे कि हमें दो दिन का टाइम दे दिया जाए ताकि घर का सामान ही हटा लें प्रशासन ने एक भी न सुनी और न मानकर हमारे घरों को उजाड़ दिया।

## आदर्श नगर पंचायत कार्यालय में मनाई गई गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर-आदर्श नगर पंचायत खुटार कार्यालय परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे आर्दश नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला,एवं सभासदों ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया, आर्दश नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने कहा कि आज इन महापुरुषों के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर एकजुटता के साथ देश के निर्माण में अपना योगदान देने की आवश्यकता है, बापू ने अहिंसा की बदौलत पूरे देश को एकजुटता के धागों में पिरो कर हमें आजादी दिलाई, उन्होंने यह संदेश दिया कि हिंसा कभी भी अच्छा परिणाम नहीं दे सकती है,आर्दश नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने लोगों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलवाई, और स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर वासियों को बताया पॉलिथीन का प्रयोग न करें और नगर में पॉलिथीन एवं कूड़ा डस्टबिन में ही डालें अपने नगर को स्वस्थ एवं सुंदर रखें सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखें।

## जन मानस की सुख शान्ति को ले रहा हूं समाधी -योगी विजय देव

राजेश यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-आंवला- थाना बिशारतगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेहटा बुजुर्ग में शिव मंदिर के महंत बाबा योगी विजय देव महाराज ने जनमानस की सुख शांति के लिए 24 घंटे की समाधि ली,बाबा ने बताया की समाधि बाबा पहले भी ले चुके है। आपको बता दे कि भारतीय मोदी यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय संरक्षक ब संस्थापक योगी विजय देव महाराज ने जनमानस की सुख शांति को बेहटा बुजुर्ग में शिव मंदिर पर आज कल दोपहर 11.15 बजे पर समाधि में भक्तो की उपस्थिति में गए को की आज दोपहर 11.15 बजे समाधि से निकलेंगे , भक्तो ने महाराज जी के नारे लगाए भारतीय मोदी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश यादव जिला अध्यक्ष रामस्वरूप गंगवार , मोहित पोरवाल,सद्दाम खान , रोहित वर्मा , आदि भक्त रहे

**अन्य खबरों के लिए देखे**
WWW.KNLSIVE.COM

## अलीगढ़ में नौ साल के लड़के से दुष्कर्म, जांच में जुटी पुलिस

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-उत्तर प्रदेश के जनपद अलीगढ़ में सासनीगेट थाना क्षेत्र के एक इलाके में किशोर के साथ कुकर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है।

घटना चार दिन पहले की है। लेकिन, किशोर ने डर के चलते किसी को जानकारी नहीं दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामले की जांच शुरू

सासनीगेट थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले मजदूर ने तहरीर दी है। इसमें बताया कि घटना चार दिन पहले की है। उनका नौ साल का बेटा घर के बाहर खेल रहा था। तभी पड़ोस में रहने वाला आरोपित उसे बुलाकर कमरे में ले गया। इसके बाद आरोपित ने उसके साथ कुकर्म का प्रयास किया। बालक ने डर के चलते घटना के बारे में जानकारी नहीं दी। पिता को पूरी बात बताई। इसके बाद देररात पिता बच्चे को लेकर थाने पहुंचे। थाना प्रभारी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही

# ब्लॉक कांग्रेस पेण्ड्रा में हर्षोल्लाष के साथ मनाई गई गाँधी और शास्त्री की जयंती

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पेण्ड्रा के द्वारा अहिंसा के पुजारी व राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती सादगी व हर्षोल्लाष के साथ मनाई गई कांग्रेसियो ने सर्वप्रथम उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर गाँधी/शास्त्री को याद किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास ने क्रांतिकारी उद्बोधन देते उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि आज ही के दिन दो महान युग पुरुष का जन्म हुआ जिन्हें बापू और शास्त्री के नाम से जाना जाता है इन महान पुरुषों ने अंग्रेजी ताकतों के खिलाफ सत्य और् अहिंसा को हथियार बनाकर कर देश छोड़ने पर मजबूर किया अवज्ञा आंदोलन,दांडी यात्रा,असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह जैसे प्रमुख चरणबद्ध आंदोलन करके आज़ाद भारत की नीव रखी, गाँधी जी का जन्म गुजरात के पोरबंदर क्षेत्र में हुआ उनके पिता करम चन्द गाँधी पोरबंदर के दीवान थे उनके जीवन मे उनकी माता का खास प्रभाव था उनका विवाह 13 वर्ष की आयु में ही हो गया था नवम्बर 1887 में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की और लन्दन गये वहां से बेरिस्टर बनकर लौटे श्रीवास ने बताया कि 1894 में दक्षिण अफ्रीका में अन्याय के खिलाफ अवज्ञा आंदोलन चलाया और पूर्ण होने तक वहीं रहे सन 1916 में गाँधी जी अफ्रीका से भारत लौटे फिर देश की आज़ादी के लिए कदम उठाये 1942 में अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की गांधी एक महान लीडर थे सादा जीवन उच्च विचार को मानने वाले व्यक्तियों में से एक थे उनके इसी स्वभाव के कारण लोग उन्हें महात्मा के नाम से सम्बोधित



करते थे वाराणसी के छोटे से गांव में एक शिक्षक परिवार में लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म हुआ वह देश के दूसरे प्रधानमंत्री थे भारत को आजादी दिलाने और भारत के भविष्य का निर्माण करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी काशी विद्यापीठ में यह शामिल हुए जहां उन्हें महानुभाव और बुद्धिजीवियों से संपर्क बड़ा और यह देश को ब्रिटिश हुकूमत से आजादी दिलाने के लिए गांधी के साथ हो चले अपने जीवन काल में इन्होंने भी कई उतार-चढ़ाव का अनुभव प्राप्त किया तथा जय जवान जय किसान का नारा देकर उन्होंने गांधी की ताकत बनकर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर किया तथा भारत के सपनों को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी यह देश हमेशा युग युग से उनका ऋणी रहेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते बताया कि गांधी/शास्त्री उस युग के महान नेता थे

जीवन पर्यन्त तक उनके उत्थान के लिए प्रयासरत रहे गांधी जी का स्वराज्य गांव में बसता था और वे ग्रामीण उद्योगों की दुर्दशा से चिंतित थे खादी को बढ़ावा देना तथा विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार उनके जीवन के आदर्श थे गांधी जी का कहना था कि खादी का मूल उद्देश्य प्रत्येक गांव को भोजन व कपड़े के विषय मे स्वावलम्बी बनाना है एक ऐसे समय जब पूरा संसार बुनियादी वस्तुओं की खरीद के लिए संघर्ष कर रहा है तब गांधी जी का ग्राम स्वराज एवं स्वदेशी का विचार ही हमारा सही मार्गदर्शन कर सकता है भारत जैसे विकाशशील देश की आगे की नीति यही होनी चाहिये कि वह गांधी जी के ग्राम स्वराज और स्वदेशी की अवधारणा का अनुसरण करें क्योंकि भारत के गांव सामाजिक संगठन की एक महत्वपूर्ण इकाई है। गांधीवादी नेता कृष्णाकर मिश्रा इक़बाल सिंह ओमप्रकाश बंका सहित अन्य वक्ताओं ने भी बापू/शास्त्री की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा की इन महापुरुषों ने देश की एकता अखण्डता को एक सूत्र में पिरोने का काम किया बापू शास्त्री को श्रद्धांजलि देकर उनके पद चिन्हों पर चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन शहर अध्यक्ष जयदत्त तिवारी ने किया और कहा कि स्वतन्त्रता के उन महापुरूषों के संदेशों को कांग्रेसजन तक पहुंचाते इसका स्मरण करने की बात कही और उनके बलिदान व योगदानों को बताते उनके जीवन का विस्तार से परिचय कराया,कार्यक्रम के अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर स्वतन्त्रता के महापुरुषों को श्रद्धान्जलि दी। कार्यक्रम में एल्डरमैन श्री ओमप्रकाश बंका वरिष्ठ कांग्रेसी श्री पवन सुल्तानिया पार्षद श्री इक़बाल सिंह एल्डरमैन श्री मदन सोनी मीडिया प्रभारी रईस खान शारदा चरण पसारी गिरिजा रानी पोट्टम विद्या राठौर सत्यनारायण शर्मा सहित वरिष्ठ कांग्रेसी व कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर उपस्थित वृद्धजनों का शाल श्रीफल से किया गया सम्मान






ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- पुलिस नियंत्रण कक्ष गौरेला में *पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलीसेला* के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अशोक वाडेगांवकार, उप पुलिस अधीक्षक श्री आई तिर्की की उपस्थिति में गांधी जयंती, एवं अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर समर्पण योजना कार्यक्रम का आयोजन पुलिस नियंत्रण कक्ष जीपीएम में किया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अशोक वाडेगांवकर ने कहा कि आप सभी मुखिया सम्माननीय और अनुभवी व्यक्तित्व के धनी हैं आप लोगों का मार्गदर्शन जीवन को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है आप सभी से कुछ ना कुछ सीखने का अवसर मिलता है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय आई. तिर्की ने सभी आगंतुकों का अभिवादन करते हुए कहा कि आप सभी के पास अनुभव है आप मार्गदर्शक हैं आप सभी का सम्मान करना हम सबके लिए महत्वपूर्ण और आत्मसंतुष्टि पूर्ण कार्य है जिस पड़ाव में आप हैं वहां सभी को सिर्फ प्रेम और सम्मान की आवश्यकता है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती झा ने कहा कि पुलिस महानिदेशक महोदय एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में समाज से जुड़े सामाजिक वृद्धजन जिन्हें हम मुखिया कहना चाहेंगे उनका इस दिवस के अवसर पर सम्मान कर कहा कि यह खुशी की बात है कि सोच से ज्यादा अधिक वृद्धजन उपस्थित हुए। हम पुलिस परिवार अपने माता पिता या परिवारजनों के लिए ड्यूटी के व्यस्त शेड्यूल व बार-बार ट्रांसफर होने से उनकी सेवा नहीं कर पाते साथ ही उन्होंने वहां आए सभी वृद्ध जनों को अपने माता पिता तुल्य बताया जिस पर सभी ने समस्त पुलिस परिवार को खूब आशीर्वाद दिया और जिन्होंने बताया कि हमारे परिवारजन उनका उचित देखरेख और ख्याल रखते हैं । अंत मे सभी वृद्धजनों का सम्मान शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। इस दौरान प्रमुख रुप से श्री राम निवास तिवारी, श्रीमोहन शुक्ला, श्री वेदचंद जैन , वही माताओं में शहीदान बी, राका सिस्टर , सहित लगभग 100 की संख्या में वृद्धजन महिला पुरुष, प्रेस के सदस्यगण एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# विधायक डॉ के के ध्रुव ने महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना के लिए किया शिलान्यास

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- गांधी जी के ग्राम सुराज सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए आज उनकी जयंती पर विधायक डॉ के के ध्रुव ने जिले में चयनित 6 गोठानो में महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रीज पार्क ( रीपा ) की स्थापना के लिए शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज राजधानी रायपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न गौठानों में ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए आजीविका के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन बनाने के उद्देश्य से रीपा का



शीलान्यास किया। विधायक डॉ ध्रुव जनपद पंचायत गौरेला के ग्राम पंचायत धनौली के गौठान में आयोजित शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने धनौली से 6 रीपा का शिलान्यास किया। इनमें जनपद पंचायत गौरेला के ग्राम पंचायत धनौली एवं पतरकोनी, जनपद पंचायत पेंड्रा के ग्राम पंचायत सोनबचरवा एवं बारीउमराव और जनपद पंचायत मरवाही के ग्राम डोंगरिया एवं बंशीताल के गौठान शामिल है। ग्रामीण औद्योगिक पार्क ( रीपा ) धनौली में कोदो कुटकी प्रसंस्करण, पोल्ट्री फार्मिंग एवं वनोपज संग्रहण की ईकाई स्थापित होगी। पतरकोनी में मसाला यूनिट, नमकीन, मिक्चर, चिक्स ( अंडा ) एवं लेयर फार्मिंग की इकाइयां स्थापित होगी। सोनबचरवार में पशु आहार, दीया बत्ती, पूजन सामग्री, बकरी पालन एवं पोल्ट्री फार्मिंग, बारीउमराव में सीएलसी ईट निर्माण, फ्लाई एश ब्रिक्स तथा स्टेशनरी निर्माण की इकाइयां लगेगी। इसी तरह डोंगरिया गौठान में दाल प्रसंस्करण एवं मुर्गी पालन और बंसीताल इंडस्ट्रियल पार्क में आयल ( तेल ) प्रसंस्करण एवं बकरी पालन की इकाइयां लगेगी। प्रत्येक रीपा के लिए दो-दो करोड रुपए स्वीकृत है। इस राशि से मशीनरी, शेड निर्माण, रोड, बिजली, पानी आदि कार्य शामिल हैं। विधायक डॉ ध्रुव ने अपने संबोधन में कहा कि रीपा के माध्यम से गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला आर्थिक विकास की ओर बढ़ेगा। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से रोजगार का रास्ता निकला है। रीपा के माध्यम से गांव आत्मनिर्भर होंगे। आने वाले समय में जिले के सभी गौठानो में इस तरह की औद्योगिक पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दोनों महान विभूतियों को नमन किया सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# किसान कल्याण संघ ने लटोरी भरी हुँकार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़- किसान कल्याण संघ के जिला इकाई का बैठक लटोरी में संघ के प्रदेश महामंत्री सुनील साहू व प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश दुबे की उपस्थिति एवं जिलाध्यक्ष रामनिवास साहू की अध्यक्षता में किसानों के बिच संपन्न हुई। ज्ञात हो कि किसान कल्याण संघ के जिला इकाई का कामकाजी बैठक में संघ की महिला विंग मीना चौधरी ने उपस्थित जनों का ध्यानाकर्षण स्वागत गीत के माध्यम से किया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामनिवास साहू ने कहा कि किसान कल्याण संघ का मुख्य उद्देश्य किसानों के समस्याओं का समाधान करना है, साथ ही उन्होंने आगे कहा कि किसान कल्याण संघ का एक-एक सदस्य सैकड़ो कार्यकर्ताओं के बराबर है अभी हमारे जिले में ब्लाक स्तर पर किसानों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, वही संघ के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश दुबे ने नारी शक्ति की प्रशंसा करते हुऐ उन्हें महिला स्वयं सहायता समुह से जुड़कर लाभ अर्जित करने की बात कही। प्रदेश महामंत्री सुनील साहू ने कहा कि किसानों को ही रही समस्याओं का समाधान करने के लिऐ ही प्रदेश नेतृत्व ने मुझे संघ का पदाधिकारी नियुक्त किया है। हमेशा से मेरे द्वारा किसानों के हित में कार्य किया जा रहा है, अब और मजबुती से आप सभी के सहयोग से कार्य करने की आवश्यकता है। इस बैठक के उद्देश्य के बारे में सवाल पूछे जाने पर श्री साहू ने पत्रकारों को बताया की जिले में संघ की पहली बैठक हुई है,बैठक में संघ के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का एक एक कर एक दूसरे का परिचय प्राप्त किया गया और किसानों के समस्याओं के समाधान को लेकर उपस्थित जनों से सार्थक चर्चा हुई। हम सभी को आने वाले समय में शुरु हो रहे धान खरीदी में किसानों को होने वाली समस्याओं का समाधान कराना है, वही मंच का संचालन किसान कल्याण संघ के जिला महामंत्री राकेश पाठक ने किया। इस कार्यक्रम में दिलकेश्वर साहू, संतोष साहू, अनूप जायसवाल, तुलेश्वर राजवाड़े, राजेश यादव, आशीष यादव, मुकेश राजवाड़े, राजेश राजवाड़े, धनेश्वर पैकरा सहित काफी संख्या में संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कुदरगढ़ चौकी पुलिस ने श्रद्धालुओं को अभिव्यक्ति एप्प की दी जानकारी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी - सूरजपुर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार ओड़गी थाना अन्तर्गत कुदरगढ़ चौकी पुलिस के द्वारा कुदरगढ़ देवी धाम में श्रद्धालुओं को अभिव्यक्ति एप्प की जानकारी दी गई। जिले में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने अभिव्यक्ति एप्प तैयार किया है। इस अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप के माध्यम से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी।

इसके अलावा इस एप के माध्यम से महिलाएं कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकेंगी। यानी अब महिलाओं को थाने जाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा महिलाएं अब अपनी सुरक्षा को लेकर सुझाव भी पुलिस विभाग तक पहुंचा सकेंगी। पुलिस ने इस एप्प के इस्तेमाल के लिए सबसे पहले महिला-बालिकाओं को अपने मोबाइल फोन में प्ले स्टोर से अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप्प डाउनलोड करने की जानकारी दी गई। एप के जरिए महिलाएं अपहरण, एसिड अटैक, साइबर अपराध व महिलाओं से संबंधित अन्य शिकायत रजिस्टर्ड कर अपनी शिकायत अपलोड कर तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इस मौके पर प्रधान आरक्षक मुकेश यादव, आरक्षक राजेश पटेल ,दशरथ सिंह, सैनिक लव कुमार गुप्ता, सुरेश सारथी व श्रद्धालु उपस्थित रहे?।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में रक्तदान शिविर संपन्न, 33 रक्तदाताओ ने किया रक्तदान

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही-गांधी जयंती के अवसर पर जिला पुलिस प्रशासन एवं हॉस्पिटल ब्लड मेडिसिन के तत्वाधान में रक्तदान संपन्न गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती के मौके पर स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन जिला पुलिस प्रशासन द्वारा के आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में विधायक श्री के के ध्रुव की अगुआई में किया गया । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर जीपीएम पुलिस प्रशासन एवं एकता मेडिसिन ग्रुप की सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन 10 से 3 बजे तक हुआ, जिसमें 33 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। विदित है की अहिसा दिवस, गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर मरवाही अस्पताल मेंमरवाही थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल ने सबसे पहले रक्तदान दिया व मरवाही थाना के सिपाहियों ने भी रक्तदान किया, साथ ही स्वदेश न्यूज़ चैनल गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला ब्यूरो चीफ प्रयास कैवर्त एवं पत्रकार सत्यम दीक्षित ने रक्तदान किया । मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव ने कहा की आज का दिन बहुत अच्छा है कार्यक्रम में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर हर्षवर्धन और उनकी टीम, एकता मेडिसिन ग्रुप के संस्थापक अलोक तिवारी उनकी टीम ठाकुर वीरेंद्र सिंह जिला प्रवक्ता कांग्रेस, सुनील गुप्ता द्वारिका गुप्ता, मरवाही थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल और थाना के स्टॉफ, स्वदेश न्यूज़ चैनल चैनल जिला ब्यूरो प्रयास कैवर्त्त , न्यूज़ 18 संवाददाता सुबीर चौधरी, पत्रकार सत्यम दीक्षित, पत्रकार सूरज यादव, पत्रकार तपेश्वर चंद्रा, अनिल कुमार सोनवानी, नारायण केवट, धर्मेंद्र रजक सहित लोग उपस्थित थे

# कलेक्टर सूरजपुर के आदेश पर तहसीलदार बिहारपुर ने लगाई शिविर



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर-कलेक्टर सूरजपुर के आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी भैयाथान के निर्देशन पर जिले के दूरस्थ क्षेत्र चांदनी में हो रही आय जाति निवास में परेशानियो को देखते हुए तहसील बिहारपुर में तहसीलदार संजय शर्मा ने आय जाति निवास बनाने के लिए कैंप लगाकर शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चांदनी क्षेत्र के स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर आय जाति निवास बनवाई इस दौरान राजस्व निरीक्षक रामसकल सिंह पटवारी ओमनारायण सिंह ओमप्रकाश सिंह भरत पैकरा सहित तहसील के स्टाफ मौजूद रहे।

# ग्राम सभा में गिरदावरी ऑनलाइन प्रविष्टि का वाचन किया गया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-मौसम खरीफ वर्ष 2022 हेतु शत प्रतिशत एवं त्रुटिरहित गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर खसरा एवं भुईयां सॉफ्टवेयर में निर्धारित तिथि तक भुईयां सॉफ्टवेयर में ऑनलाईन प्रविष्ट गिरदावरी की प्रिन्ट कर हार्ड कॉपी को ग्राम दवना ,भरुआ मुंडा सहित अन्य गांव में भी ग्राम सभा में वाचन किया गया एवं दावा आपत्ति के संबंध में उपस्थित ग्रामवासियों को अवगत कराया गया।

# लोहारी में गांधी चौक में गांधी जयंती मनाई गयी ,प्रवक्ता कांग्रेस सरपंच और कांग्रेसी नेता रहे उपस्थित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- लोहारी में गांधी चौक में गांधी जयंती मनाई गयी ,प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र सिंह बघेल , कांग्रेस नेता नारायण श्रीवास सरपंच लोहारी पुष्पराज मसराम मनौरा सरपंच अश्वनी ओट्टी ,आईटी सेल कांग्रेस के लाल बहादुर और युवा कांग्रेस के महासचिव शुभम सिंह है उपस्थिति में और ग्रामीणों द्वारा गांधी जी की प्रतिमा में माला पहनाकर उनको याद किया गया साथ में मिठाई वितरण किया गया वीरेंद्र बघेल ,और नारायण श्रीवास द्वारा वक्तव दिया गया और कहा की महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता और बापू के नाम से भी संबोधित किया जाता है। गांधी जी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया। गांधी जी का मानना था कि अहिंसा एक दर्शन है, एक सिद्धांत है और एक अनुभव है, जिसके आधार पर समाज का बेहतर निर्माण करना संभव है। गांधी जी शांतिप्रिय थे और उन्होंने हमेशा अहिंसा को सबसे पहला धर्म बताया था। गांधी जी ने अंग्रेजों के खिलाफ अहिंसक आंदोलन का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। गांधी जी सिद्धांतों को पूरी दुनिया ने अपनाया, उनका जीवन लोगों के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है।